# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 28.03.2026

## प्रकाशनार्थ

"रोवर्स/रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरम्भ"

**दिनांक 28.03.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में रोवर्स/रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरम्भ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ० संजीत कुमार सिंह ने रोवर्स/रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि** इस प्रकार के प्रशिक्षण से आत्मानुशासन, प्रेम, सहयोग तथा सद्भावना का विकास होता है। इस अवसर पर रेंजर लीडर डॉ० जागृति विश्वकर्मा ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को शरीर से स्वस्थ, मस्तिष्क से जागरूक और स्वभाव से सरल बनाता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करता है ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखा जाए।

इसका संचालन श्री राजू मौर्य, सुश्री सेजल साहनी जिला प्रशिक्षकों के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस पर रोवर्स/रेंजर्स द्वारा झंडा फहराना, प्रार्थना, तालियाँ बजाकर स्वागत करना आदि प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण द्वारा उत्तम नागरिकों के गुणों का विकास होता है, यह नेतृत्व, संयम, आत्मनिर्भरता का अवसर उत्पन्न करता है।

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**